अमर उजाला
सोमवार • 17.02.2020
www.amarujala.com

कवायद

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की योजना

7 स्टेशनों पर लगेंगी बॉटल क्रशिंग मशीनें

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएमआरसी) सात मेट्रो स्टेशनों पर बॉटल क्रशिंग मशीन लगाएगा। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एनएमआरसी ने 13 फरवरी को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) निकाला है। इसके अंतर्गत नोएडा-ग्रेटर नोएडा के एक्वा लाइन पर 7 मेट्रो स्टेशनों पर बॉटल क्रशिंग मशीन लगाने को इच्छुक एजेंसियों से आवेदन मांगे गए हैं। इसकी अंतिम तिथि 2 मार्च है।

एनएमआरसी की ओर से एक्वा लाइन के सेक्टर-51, 76, एनएसईजेड, 137, 142, नॉलेज पार्क-2 और परी चौक मेट्रो स्टेशनों पर मशीन लगाने की योजना है। इसमें मशीन के सप्लाई से लेकर इसे लगाने और इसकी रखरखाव भी एजेंसी को करनी होगी। इससे पहले एनएमआरसी ने सेक्टर-51 में एक मशीन लगाई है। इसमें प्लास्टिक डालने पर जूट का बैग देने की योजना चलाई गई है।

नोएडा में मेट्रो स्टेशन पर बोतल क्रशिंग मशीन का उद्घाटन करतीं सीईओ। फाइल फोटो

बचे हुए प्लेटफॉर्म के आवंटियों पर होगी कार्रवाई

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण ने शहर के 794 प्लेटफॉर्म की लिस्ट निकलवाई है। इसके मुताबिक किराये को लेकर पहले भी कई बार नोटिस दिया जा चुका है। नोटिस के बाद करीब 150 प्लेटफॉर्म आवंटियों ने प्राधिकरण से संपर्क किया है, लेकिन बाकी बचे प्लेटफॉर्म आवंटियों के मामले में प्राधिकरण सख्त कार्रवाई करने जा रहा है। प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने बताया कि वित्त विभाग को फाइल भेजी गई है। उनसे यह पता लगाया जा रहा है कि कौन-कौन से प्लेटफॉर्म आवंटियों पर कितनी राशि बकाया है। इसके बाद इसके निरस्तीकरण की कार्रवाई होगी। इसमें करीब एक सप्ताह का समय लगेगा। ब्यूरो